DR CAA
28/12/

पाठ्य समिति-वाणिज्य, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल
बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 28/12/2020 को कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के पत्रांक केयू /मान्यता/2020/2207 दिनांक 23/11/2020 के अनुपालन में पाठ्य समिति-वाणिज्य की बैठक कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रशासनिक भवन में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रो. अतुल जोशी, संयोजक, पाठ्य समिति-वाणिज्य द्वारा की गई। संबंधित बैठक में पाठ्य समिति के निम्न माननीय सदस्य उपस्थित थे-

प्रो. मोहम्मद मुस्तफा (वाहय विशेषज्ञ)

प्रो. के. एस. रमोला (वाहय विशेषज्ञ)

प्रो. एन. एस. बिष्ट

प्रो. बी. डी. कविदयाल

प्रो. एल. एस. बिष्ट

प्रो. सी. एस. जोशी

प्रो. मनोज उप्रेती

उक्त बैठक में ज्ञानार्थी मीडिया कालेज, काशीपुर द्वारा प्रस्तुत बी.कॉम. (टैक्सेशन), बी.कॉम. (फाईनेन्सियल अकाउंटिंग), बी.कॉम. (बैंकिंग एण्ड फाइनेन्स) तथा बी.कॉम. (इंटरनेशनल बिजनेस) पाठ्यक्रमों के संबंध में विचार विमर्श हुआ तथा निम्न निर्णय लिए गए-

1- बैठक में सदस्यों का सर्वसम्मत अभिमत था कि किसी भी सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने की अनुमति देने से पूर्व, उससे छात्रों को रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने एवं व्यापक छात्र हित होने की संभावनाओं की गहन विवेचना कर ली जानी चाहिये। वाणिज्य पाठ्य समिति, उक्त पाठ्यक्रमों में व्याप्त कमियों के दृष्टिगत उन्हें स्नातक स्तर के वाणिज्य विषय के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित करने कि अनुशंसा किए जाने के पक्ष में नहीं है।

2- बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का सर्वसम्मत मत था कि संबंधित प्रकरण में विषय की मान्यता हेतु पाठ्य समिति एवं फैकल्टी बोर्ड की पूर्व संस्तुति प्राप्त किए बिना ही पाठ्यक्रम हेतु पैनल का गठन कर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने कि संस्तुति प्राप्त कर ली गई है, जो कि विश्वविद्यालय नियमावली के विरुद्ध है। यही नहीं, माननीय कुलाधिपति महोदया से भी उक्त पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त कर ली गई है। अतः विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उक्त के संबंध में अंतिम निर्णय माननीय कुलपति महोदय के विवेक पर छोड़ने का निर्णय लिया गया।

3- बैठक में निर्णय हुआ कि यदि माननीय कुलपति जी ज्ञानार्थी मीडिया कालेज, काशीपुर में बी.कॉम. (टैक्सेशन), बी.कॉम. (फाईनेन्सियल अकाउंटिंग), बी.कॉम. (बैंकिंग एण्ड फाइनेन्स) तथा बी.कॉम. (इंटरनेशनल बिजनेस) को प्रारंभ करने की अनुमति देना चाहें, तो उक्त के संचालन हेतु प्रस्तावित पाठ्यक्रम में संशोधन आवश्यक हैं। चूंकि प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की संरचना स्नातक स्तर (वाणिज्य) के लिए आवश्यक मानकों के अनुरूप नहीं है, अतः पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधनों हेतु विषय विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जाता है, जो 10 दिन के अंदर पाठ्यक्रम संरचना में आवश्यक संशोधन कर माननीय कुलपति जी के अनुमोदनार्थ अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी। समिति हेतु सदस्यों का नामांकन निम्न प्रकार किया जाता है-

- प्रो. एल. एस. बिष्ट
- प्रो. एम. सी. पांडे
- प्रो. सी. एस. जोशी

4- बैठक के समापन पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा संयोजक, पाठ्य समिति-वाणिज्य का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

28/12/2020

28-12-2020

(दि॰ 28-12-2020

पाठ्य समिति वाणिज्य, कुमाऊँ विश्वविद्यालय
नैनीताल

आज दि॰ 28-12-2020 को पाठ्य समिति वाणिज्य की बैठक प्रशासनिक भवन, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनी॰ में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रो॰ अतुल जोशी [संयोजक पाठ्य समिति वाणिज्य] द्वारा की गई, इस पाठ्य समिति की बैठक में निम्न माननीय सदस्य उपस्थित रहे-

1- प्रो॰ मोहम्मद मुस्तफा (वाह्य विशेषज्ञ)
2- प्रो॰ के॰ एस॰ रमोला (")
3- प्रो॰ एन॰ एस॰ बिष्ट 28/12/2020
4- प्रो॰ बी॰ डी॰ कविदयाल
5- प्रो॰ एल॰ एस॰ बिष्ट
6- प्रो॰ मनोज उप्रेती
7- प्रो॰ सी॰ एस॰ जोशी

28/12/2020